समाचार

# आयुक्त ने ली बैठक, '' साइकिल थान '' की तैयारियों की समीक्षा की

## (काफी प्वाइंट की वादियों को फतह करने साइकिल थान का आयोजन शनिवार 04 अक्टूबर को)




कोरबा 03 अक्टूबर 2025 –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की बैठक लेकर शनिवार 04 अक्टूबर को आयोजित किए जाने वाले '' साइकिल थान '' के संबंध में तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की, उन्होने प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन, सुरक्षा व्यवस्था, मार्ग में पेयजल व्यवस्था, संकेतक सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

'' स्वच्छ शहर व गांव – स्वस्थ तन और मन – निर्मल पर्यावरण '' की थीम को लेकर " माउंटेन राइड ऑन व्हील्स " की तर्ज पर काफी पॉइंट की वादियों पे साइकिल से फतह किए जाने के लिए आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की खास पहल पर शनिवार 04 अक्टूबर को साइकिल थान का आयोजन किया गया है। इस साइकिल थान के अंतर्गत टी.पी.नगर चौक से प्रातः 06 बजे साइकिल यात्रा काफी प्वाइंट के लिए रवाना होगी तथा वहॉ से वापस होकर यात्रा साकेत भवन पहुंचेगी। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज निगम कार्यालय साकेत भवन में नगर निगम, पुलिस विभाग, खेल विभाग के अधिकारियों व साइकिलिंग संघ के पदाधिकारियों की एक बैठक लेकर साइकिल थान के संबंध में की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की, उन्होने साइकिल थान मार्ग की यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, मार्ग में आवश्यक संकेतक, पेयजल व ओ.आर.एस. व्यवस्था, मार्ग की साफ–सफाई, आवश्यक कर्मचारियों की तैनाती, यात्रा मार्ग में शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार, सेल्फी प्वाइंट सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साइकिल थान टी.पी.नगर चौक से रवाना होकर चेकपोस्ट परसाभांठा बालको मुख्य मार्ग होते हुए बालको बस

स्टैण्ड होते हुए काफी प्वाइंट की वादियों का सफर कर काफी प्वाइंट तक पहुंचेगी तथा वहॉ से उसी मार्ग से वापस होकर नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत पहुंचेगी।

बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, क्रीडा अधिकारी डॉ.बी.एस.राव, सहायक खेल अधिकारी आर.के.साहू, आलोक कुमार जायसवाल, लेखाधिकारी भवकांत नायक, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, राकेश मसीह, अखिलेश शुक्ला, विनोद शांडिल्य, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, सुनील टांडे, तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।